Bharti Airtel
Foundation

प्रेस विज्ञप्ति
श्रावस्ती जिले में शिक्षक विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश - 22 अप्रैल 2026:

श्रावस्ती जिले के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के पेशेवर विकास और प्रभावी शिक्षण विधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग श्रावस्ती एवं भारती एयरटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन शिक्षक प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ 22 अप्रैल 2026 को जिलाधीश सभागार, श्रावस्ती में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी और प्रभावी शिक्षण वातावरण बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान (एफ.एल.एन.), डिजिटल शिक्षण, कक्षा प्रबंधन और नवीन शैक्षणिक विधियों जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

नीति आयोग और भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जा रहा यह कार्यक्रम TheTeacherApp के माध्यम से शिक्षकों के पेशेवर विकास में मदद करता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप है और यह शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाता है।

श्रावस्ती जिले के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को TheTeacherApp के माध्यम से उपयुक्त पाठ्यक्रम प्रदान किए जाएंगे। पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और भारती एयरटेल फाउंडेशन की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शाहिद अहमद, मुख्य विकास अधिकारी, श्रावस्ती, द्वारा की गई। उन्होंने इस पहल को जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में बताया। श्री शाहिद अहमद ने TheTeacherApp के माध्यम से शिक्षकों को उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात की।

इस मौके पर श्री अजीत उपाध्याय, जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, ने विद्यार्थियों के लिए नई तकनीकों और शैक्षणिक विधियों के समावेश को लेकर अपने विचार साझा किए और भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा TheTeacherApp के माध्यम से किये जा रहे प्रयासों को सराहा गया।

भारती एयरटेल फाउंडेशन की प्रतिनिधि श्री संदीप सारडा एवं श्रीमती वीना त्यागी ने बताया कि TheTeacherApp में शिक्षकों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री और शोध-आधारित नवाचार उपलब्ध हैं, जिनसे वे अपनी कक्षा में प्रभावी परिवर्तन ला सकते हैं।

फाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों के लिए निरंतर पेशेवर विकास के अवसर उपलब्ध कराना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके।